अनुक्रमांक : ________________ नाम : ____________________

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16+2 मानचित्र

**932** **825 (BX)**

# 2022
# सामाजिक विज्ञान

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**सामान्य निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों क एवं ख में विभाजित है । प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्नों को एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए ।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

(iv) प्रश्न-पत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं- बहु-विकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय व दीर्घ उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके प्रारम्भ में दिए गए हैं।

(v) क तथा ख खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका में मज़बूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।

(vi) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र-कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड क में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड ख में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं।

## खण्ड क
## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

1. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ? **1**

(अ) 1945

(ब) 1920

(स) 1942

(द) 1947

2. भारत में मताधिकार की आयु क्या है ? **1**

(अ) 21 वर्ष

(ब) 20 वर्ष

(स) 25 वर्ष

(द) 18 वर्ष

3. "स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर रहूँगा" किसका कथन है ? **1**

(अ) गोपाल कृष्ण गोखले

(ब) बाल गंगाधर तिलक

(स) जवाहरलाल नेहरू

(द) महात्मा गाँधी

4. प्रथम विश्व युद्ध का प्रारम्भ कब हुआ था ? **1**

(अ) 1914

(ब) 1939

(स) 1919

(द) 1942

5. संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ? **1**

(अ) वाशिंग्टन

(ब) जिनेवा

(स) न्यूयॉर्क

(द) ऑस्ट्रिया

6. 'भारत छोड़ो आन्दोलन' किसने प्रारम्भ किया था ? **1**

(अ) गोपाल कृष्ण गोखले

(ब) बाल गंगाधर तिलक

(स) सुभाष चन्द्र बोस

(द) महात्मा गाँधी

## (अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

7. 2 अक्टूबर को जन्म लेने वाले किन्हीं दो प्रसिद्ध भारतीयों के नाम लिखिए । **1+1**

8. फ्रांस की क्रान्ति से सम्बन्धित किन्हीं दो दार्शनिकों के नाम लिखिए । **1+1**

9. संघीय शासन व्यवस्था की कोई दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए । **1+1**

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

10. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन में भाग लेने वाले किन्हीं तीन नेताओं के नाम लिखिए । **1+1+1**

**अथवा / OR**

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की असफलता के लिए उत्तरदायी कोई तीन कारण लिखिए । **1+1+1**

11. साम्प्रदायिकता को दूर करने के लिए किन्हीं तीन उपायों का वर्णन कीजिए । **1+1+1**

**अथवा / OR**

महात्मा गाँधी द्वारा चलाए गए किन्हीं तीन आन्दोलनों के नाम लिखिए । **1+1+1**

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

12. भारतीय लोकतंत्र के समक्ष कौन-कौन-सी प्रमुख चुनौतियाँ हैं ? **6**

**अथवा / OR**

भारत में किस तरह की जातिगत असमानताएँ आज भी व्याप्त हैं ? **6**

13. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना कब हुई थी ? इसके उद्देश्य क्या थे ? **1+5**

**अथवा / OR**

राष्ट्रवाद से क्या तात्पर्य है ? यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय होने में कौन-सी परिस्थितियाँ सहायक हुईं ? **2+4**

## (मानचित्र-कार्य)

**14.** निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में • चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(i) वह स्थान जहाँ जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह स्थान जहाँ पर उत्तर प्रदेश की राजधानी स्थित है। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह स्थान जहाँ 1929 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह स्थान जहाँ पर चन्द्रशेखर आज़ाद शहीद हुए थे। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह स्थान जहाँ पर सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह हुआ । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 14 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।

(i) जलियाँवाला बाग हत्याकांड कहाँ हुआ था ? **1**

(ii) उत्तर प्रदेश की राजधानी का नाम लिखिए । **1**

(iii) 1929 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन कहाँ हुआ था ? **1**

(iv) चन्द्रशेखर आज़ाद कहाँ पर शहीद हुए थे ? **1**

(v) सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह कहाँ हुआ था ? **1**

## खण्ड ख
## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

15. कर्तन दहन कृषि (झूम कृषि) निम्नलिखित में से किस राज्य में पाई जाती है ? **1**

(अ) उत्तर प्रदेश

(ब) राजस्थान

(स) उत्तराखण्ड

(द) मिज़ोरम

16. निम्नलिखित में से कौन-सा एक संभावी संसाधन है ? **1**

(अ) कोयला

(ब) पेट्रोलियम

(स) पवन ऊर्जा

(द) बॉक्साइट

17. 'मुम्बई हाई' प्रसिद्ध है : **1**

(अ) पेट्रोलियम के लिए

(ब) ताँबा के लिए

(स) सौर ऊर्जा के लिए

(द) कोयला के लिए

18. निम्नलिखित में से कौन-सी फ़सल मोटे अनाज के अन्तर्गत सम्मिलित की जाती है ? **1**

(अ) चना

(ब) मूँगफली

(स) ज्वार

(द) मूँग

19. सामान्यत: किसी देश का विकास निम्नलिखित में से किस आधार पर निर्धारित किया जा सकता है ? **1**

(अ) प्रति व्यक्ति आय

(ब) औसत साक्षरता स्तर

(स) लोगों की स्वास्थ्य स्थिति

(द) उपर्युक्त सभी

20. निम्नलिखित में से किस आधार पर सार्वजनिक और निजी क्षेत्रक विभाजित हैं ? **1**

(अ) रोज़गार की शर्तें

(ब) आर्थिक गतिविधि के स्वभाव

(स) उद्यमों के स्वामित्व

(द) उद्यमों में नियोजित श्रमिकों की संख्या

**(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)**

21. पुनःचक्रीय प्राकृतिक संसाधन किन्हें कहते हैं ? कोई दो उदाहरण दीजिए । **1+1**

22. अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्र में रोज़गार की दो विशेषताएँ बताइए । **1+1**

23. अल्प रोज़गार किसे कहते हैं ? **2**

## (लघु-उत्तरीय प्रश्न)

24. हमें खनिजों के संरक्षण की आवश्यकता क्यों है ? **3**

**अथवा / OR**

गेहूँ की खेती के लिए अनुकूल भौगोलिक दशाएँ बताइए । **3**

25. अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्रक से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण सहित बताइए । $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

**अथवा / OR**

राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय में अन्तर स्पष्ट कीजिए । देशों की स्थिति की तुलना के लिए इनमें से कौन-सी विधि बेहतर है ? $1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}$

## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

26. भारत में मिट्टी के प्रकारों पर एक निबन्ध लिखिए । **6**

**अथवा / OR**

भू-क्षरण से आप क्या समझते हैं ? इसे रोकने के लिए कोई चार उपाय बताइए । **2+4**

27. भारत में वैश्वीकरण के प्रभाव पर प्रकाश डालिए । **6**

**अथवा / OR**

उपभोक्ता आन्दोलन के कारण बताइए । हम उपभोक्ता आन्दोलन को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं ? **3+3**

## (मानचित्र-कार्य)

**28. निर्देश :** भारत के दिए गए मानचित्र पर निम्नलिखित को दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिए $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(i) कृष्णा नदी $\mathcal{Y}$ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) सरदार सरोवर बाँध $\odot$ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iii) उत्तरी-पूर्वी भारत में चाय-उत्पादक क्षेत्र $\oplus$ चिह्न द्वारा । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(iv) उत्तर प्रदेश में गन्ना उत्पादक क्षेत्र $\square$ चिह्न द्वारा । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) विशाखापटनम बन्दरगाह $\times$ चिह्न द्वारा नाम सहित । $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के मानचित्र-कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । मानचित्र का प्रयोग न कीजिए ।

(i) कृष्णा नदी देश के किस भाग में बहती है ? **1**

(ii) सरदार सरोवर बाँध किस नदी पर बना है ? **1**

(iii) उत्तरी-पूर्वी भारत में चाय-उत्पादक एक राज्य का नाम लिखिए । **1**

(iv) उत्तर प्रदेश में गन्ना उत्पादक दो जिलों के नाम बताइए । $1\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

(v) विशाखापटनम बन्दरगाह किस राज्य में स्थित है ? **1**

## General Instructions

**(English Version)**

(i) First 15 minutes have been allotted for examinees to read this question paper.

(ii) This question paper is divided into two parts A and B. Attempt all the questions of each part together at one place. Each part should be attempted on a new page.

(iii) Marks allotted for each question are mentioned against them.

(iv) This question paper contains four types of questions multiple choice type, very short answer type, short answer type and long answer type. Instructions have been given at the beginning of each type of question.

(v) Attach firmly the supplied maps for Parts A and B to your answer-book.

(vi) For Vision-impaired examinees Question no. 14 in Part A and Question no. 28 in Part B have been given separately for writing answers in lieu of map-work.

## PART A
## (Multiple Choice Type Questions)

**Instruction:** Choose the correct answer from the following options and write it in your answer-book.

1. When was United Nations Organisation established ? **1**

   (a) 1945
   (b) 1920
   (c) 1942
   (d) 1947

2. What is the age of voting in India ? **1**

   (a) 21 years
   (b) 20 years
   (c) 25 years
   (d) 18 years

3. Who said ”Swaraj is my birth right and I will have it” ? **1**

   (a) Gopal Krishna Gokhale
   (b) Bal Gangadhar Tilak
   (c) Jawaharlal Nehru
   (d) Mahatma Gandhi

4. When did the First World War take place ? **1**

   (a) 1914
   (b) 1939
   (c) 1919
   (d) 1942

5. Where are the headquarters of U.N.O. located ? **1**

   (a) Washington

(b) Geneva

(c) New York

(d) Austria

6. Who launched the 'Quit India Movement' ? **1**

(a) Gopal Krishna Gokhale

(b) Bal Gangadhar Tilak

(c) Subhash Chandra Bose

(d) Mahatma Gandhi

### (Very Short Answer Type Questions)

7. Write the name of any two eminent Indians born on 2nd October. **1+1**

8. Write the name of any two philosophers related to the French Revolution. **1+1**

9. Write any two main features of the Federal system of Government. **1+1**

### (Short Answer Type Questions)

10. Write the names of any three leaders who participated in the Indian National Movement. **1+1+1**

*OR*

Write any three reasons responsible for the failure of the First Freedom Struggle. **1+1+1**

11. Write any three measures to remove Communalism. **1+1+1**

*OR*

Write the names of any three movements started by Mahatma Gandhi. **1+1+1**

## (Long Answer Type Questions)

12. What are the main challenges faced by the Indian democracy ? **6**

*OR*

Which type of caste inequalities are still prevalent in India ? **6**

13. When was the Indian National Congress established ? What were its objectives ? **1+5**

*OR*

What is the meaning of Nationalism ? What circumstances were helpful in the rise of European Nationalism ? **2+4**

## (Map-Work)

**14.** In the given outline map of India, show the following places with symbol and name them. For correct name and location marks are allotted. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(i) The place where Jallianwala Bagh massacre took place. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) The place where the capital of Uttar Pradesh is situated. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) The place where Indian National Congress Session was held in 1929. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) The place where Chandra Shekhar Azad was martyred. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) The place where the Cotton Mill Workers Satyagraha started. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(Only for Vision-Impaired Candidates in lieu of Q. No. 14 for Map-Work)**

**Instruction:** Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.

(i) Where did Jallianwala Bagh massacre take place ? **1**

(ii) Write the name of the capital of Uttar Pradesh. **1**

(iii) Where did the Indian National Congress Session take place in 1929 ? **1**

(iv) Where was Chandra Shekhar Azad martyred ? **1**

(v) Where did Cotton Mill Workers Satyagraha take place ? **1**

## PART B
## (Multiple Choice Type Questions)

**Instruction:** Choose the correct answer from the following options and write it in your answer-book.

15. In which of the following States is slash and burn agriculture (Jhum agriculture) found ? **1**

    (a) Uttar Pradesh

    (b) Rajasthan

    (c) Uttarakhand

    (d) Mizoram

16. Which among the following is a potential resource ? **1**

    (a) Coal

    (b) Petroleum

    (c) Wind energy

    (d) Bauxite

17. 'Mumbai High' is famous for : **1**

    (a) Petroleum

    (b) Copper

    (c) Solar Energy

    (d) Coal

18. Which crop among the following is included in Millets ? **1**

    (a) Gram

    (b) Groundnut

    (c) Jowar

    (d) Moong

19. From which of the following can the development of a country be generally determined ? **1**

(a) Per capita income

(b) Average literacy level

(c) Health status of people

(d) All of the above

20. On which of the following basis are public and private sectors classified ? **1**

(a) Employment conditions

(b) Nature of economic activity

(c) Ownership of enterprises

(d) Number of workers employed in enterprises

## (Very Short Answer Type Questions)

21. What are recyclable natural resources ? Give any two examples. **1+1**

22. Give two characteristics of employment in the organised sector of economy. **1+1**

23. What is under-employment ? **2**

## (Short Answer Type Questions)

24. Why do we need to conserve minerals ? **3**

*OR*

Give the suitable geographical conditions for the cultivation of wheat. **3**

25. What do you understand by the secondary sector of the economy ? Write with examples. $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

*OR*

Clarify the difference between National Income and Per Capita Income. Which one is a better method to compare the status of countries ? $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2}$

## (Long Answer Type Questions)

26. Write an essay on the types of Soil in India. **6**

*OR*

What do you understand by Soil erosion ? Give any four measures to prevent it. **2+4**

27. Throw light on the impact of globalisation in India. **6**

*OR*

Mention the causes of consumer movement. How can we take the consumer movement forward ? **3+3**

## (Map-Work)

**28.** Show the following on the given map of India. For correct name and location marks are allotted. $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$

(i) Krishna river by symbol $\mathcal{Y}$ with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) Sardar Sarovar Dam by symbol $\odot$ with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) Tea-producing areas in North-eastern India by symbol $\oplus$. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) Sugarcane-producing areas in Uttar Pradesh by symbol $\square$. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) Vishakhapatnam Port by symbol $\times$ with name. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(Only for Vision-Impaired Examinees in lieu of Q. No. 28 for Map-Work)**

**Instruction:** Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.

(i) In which part of the country does Krishna river flow ? **1**

(ii) On which river is Sardar Sarovar Dam constructed ? **1**

(iii) Write the name of one tea-producing State in North-eastern India. **1**

(iv) Give the names of two sugarcane producing districts of Uttar Pradesh. $1\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) In which State is Vishakhapatnam Port situated ? **1**